लॉक डाउन के चक्कर में दिल्ली में फंसा असहाय रोता पिता, बेटे की बिहार में मौत, मीडिया की मदद से घर पहुंचा भी पर बेटे से नही हो पाई मुलाकात

कोर्ट कैम्पस में हुए गैंगस्टर संतोष झा हत्याकांड मामले में पुलिस ने शूटर शकील अख्तर को दबोचा

क्वारंटाइन सेंटरों पर मूलभूत सुविधाओं को तैयार रखें, इन केंद्रों की मोनिटरिंग के लिए वहां के शिक्षक, किसान सलाहकार, चौकीदार, पंच व वार्ड सदस्यों का लें सहयोग : नीतीश

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की 20 लाख करोड़ रुपये के आर्थिक पैकेज से जुड़ी पांचवें और अंतिम चरण की घोषणाएं

युवराज
NEWS TODAY Update
www.newstodayupdate.in
RNI:- BIHHIN05409
# न्यूज़ टुडे
आपकी आवाज़
राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

वर्ष : 06 अंक : 08+17 तिथि : 17 मई 2020 मूल्य : नि:शुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना - 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

## न्यूज़ टुडे लॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

आर्थिक पैकेज 20 लाख करोड़

## लॉक डाउन के चक्कर में दिल्ली में फंसा असहाय रोता पिता, बेटे की बिहार में मौत, मीडिया की मदद से घर पहुंचा भी पर बेटे से नही हो पाई मुलाकात



न्यूज टुडे एक्सक्लूसिव :




डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

बेटा था बीमार, दिल्ली से घर आये, पर नहीं हो सकी मुलाकात, माथे पर तनाव की लकीरें, आंखों में मायूसी के आंसू और कान पर सटे फोन पर दूसरी तरफ से किसी अनहोनी की आशंका! प्रवासी श्रमिकों की पीड़ा दिखाती यह तस्वीर खूब वायरल हो रही है. इस तस्वीर को बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने अपने ट्वीटर अकांउट पर लगा रखा है.

दरअसल, 11 मई को बिहार के बेगूसराय स्थित बरियारपुर निवासी रामपुकार पंडित दिल्ली के निजामुद्दीन पुल पर बैठ कर फोन पर बात कर रहे थे और लगातार रोये जा रहे थे. वह नजफगढ़ में मजदूरी का काम करते हैं. लॉकडाउन के बीच घर पर उनका बेटा बीमार हो गया था और उसकी हालत गंभीर थी. वह सिर्फ वहां जाकर उसे देखना चाहते थे.

वह घर के लिए पैदल ही निकले थे, लेकिन पुल पर पुलिस ने पकड़ लिया और जाने से रोक दिया. वह दुखी होकर तीन दिन तक पुल पर फंसे हुए थे. इस बीच, मीडिया की मदद से वह घर पहुंच गये, लेकिन उनका बेटा जिंदगी की जंग हार गया.

3 मई की शाम उन्हें मदद मिल गई. दिल्ली पुलिस ने उन्हें पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन भेजा और वे बिहार जाने वाली स्पेशल ट्रेन से घर के लिए रवाना हुए. राम पुकार फिलहाल बगूसराय पहुंच चुके हैं और उन्हें एक स्कूल में कोरोनावायरस जांच के लिए रखा गया है.

## कोर्ट कैम्पस में हुए गैंगस्टर संतोष झा हत्याकांड मामले में पुलिस ने शूटर शकील अख्तर को दबोचा

अपराध



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,




गैंगस्टर संतोष झा हत्याकांड मामले में डुमरा थाना पुलिस ने शूटर शकील अख्तर को शनिवार को दबोच लिया है. पुलिस को यह सफलता तब मिली, जब शूटर शकील अपने वकील से मिलने डुमरा स्थित उनके आवास की ओर जा रहा था. इसकी भनक लगते ही डुमरा थानाध्यक्ष नवलेश कुमार आजाद ने टीम गठित कर डुमरा थाना के कुमार चौक पर छापेमारी शुरू कर दी.

पूर्वी चंपारण का रहने वाला है शकील

इसी बीच शकील पर जैसे ही नजर पड़ी, खदेड़ कर उसे पकड़ लिया, हालांकि शकील के पास से कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं किया गया है. शकील पूर्वी चंपारण जिले के चकिया थाना क्षेत्र के शीतलपुर हनुमानगंज का निवासी है. इसके पूर्व इस मामले में सीतामढ़ी पुलिस ने मोतिहारी से शकील अख्तर के भाई नवीन अख्तर को गिरफ्तार किया था. उस समय नवीन अख्तर ने मुजफ्फपुर बाल गृह में बंद शकील अख्तर को बीमारी का बहाना बनाकर कोर्ट से छुड़वाया और इस हत्याकांड को अंजाम दिलवाया था.

हत्याकांड में अब तक आठ लोगों पर हो चुका है चार्जशीट

डीएसपी कुमार वीर धीरेंद्र ने बताया कि अगस्त 2018 में सीतामढ़ी कोर्ट परिसर में गैंगेस्टर संतोष झा की हत्या की गई थी. इसमें शूटर के रूप में शकील मुख्य आरोपी था. पुलिस करीब दो वर्षों से शकील की तलाश कर रही थी. डीएसपी ने बताया कि कुख्यात संतोष झा हत्याकांड में अब तक आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. इनके विरूद्ध चार्जशीट दाखिल किया जा चुका है. उन्होंने बताया कि पूछताछ में शकील ने अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है.

दो साल पहले कोर्ट परिसर में हुई थी हत्या

गौरतलब है कि अगस्त 2018 में कोर्ट में पेशी के लिए लाये गये गैंगस्टर संतोष झा को पुलिस सुरक्षा में चार अपराधियों ने कोर्ट परिसर में शूटआउट के दौरान उसकी हत्या कर दी थी. इस घ ाटना के बाद बिहार पुलिस और कोर्ट कि सुरक्षा पर कई सवाल खड़े किए गए थे. घटना के बाद पूरे बिहार समेत सीतामढ़ी सिविल कोर्ट की सुरक्षा बढ़ा डी गई थी. पूरे घटनाक्रम में संतोष झा गैंग में आपसी कलह की बात सामने आई थी. बताया जाता है कि संतोष झा का शागिर्द मुकेश पाठक ने सुपारी देकर संतोष झा को मरवाया था. गैंग में अपना वर्चस्व को लेकर और पैसे के बटवारा इस शूटआउट की मुख्य वजह बनी थी.

## बिहार में कोरोना संक्रमण की लगातार बढ़ रही है रफ्तार, राज्य में 1178 कोरोना पॉजिटिव, जबकि मृतकों की संख्या आठ

बिहार में कोरोना संक्रमण की रफ्तार लगातार बढ़ रही है। अभी तक राज्य में 1178 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिल चुके हैं। जबकि मृतकों की संख्या आठ हो चुकी है। राजधानी पटना में भी संक्रमण का आंकड़ा सौ पार कर चुका है।

शनिवार को मिले अब तक के सर्वाधिक 145 पॉजिटिव

शनिवार को राज्य में कुल 145 रिकार्ड कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले। यह किसी एक दिन अभी तक मिले मरीजों की सर्वाकि सं ख्या है। इसके पहले एक दिन में 130 मरीज मिल चुके हैं। शनिवार को कोरोना संक्रमित एक और मरीज की मौत भी हो गई। शनिवार को 24 घंटे में कोरोना के 15 मरीजों ने इस महामारी का पराजित भी किया। 1इसके साथ स्वस्थ होने वालों की संख्या 453 हो गई है।

## क्वारंटाइन सेंटरों पर मूलभूत सुविधाओं को तैयार रखें, इन केंद्रों की मोनिटरिंग के लिए वहां के शिक्षक, किसान सलाहकार, चौकीदार, पंच व वार्ड सदस्यों का लें सहयोग : नीतीश






सम्राट, संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा कि जिस तरह से बड़ी संख्या में प्रवासी कामगार लौट रहे हैं उसे देखते हुए क्वा. रंटाइन सेंटरों की व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। क्वारंटाइन सेंटरों पर मूलभूत सुविधाओं को तैयार रखें ताकि यहां पहुंचने वाले लोगों को कठिनाई नहीं हो। इन केंद्रों की मोनिटरिंग के लिए वहां के शिक्षक, किसान सलाहकार, चौकीदार, पंच व वार्ड सदस्यों का सहयोग लें। कोविड–19 की रोकथाम को चल रहे कार्य तथा एईएस एवं जेई से बचाव को ले एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने यह बात कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में स्थित बाजार एवं भीड़भाड़ वाली जगहों तथा ग्रामीण क्षेत्र के सभी हाट–बाजारों को सैनिटाइज किए जाने की व्यवस्था को सुनिश्चित करें। इन जगहों पर नियमित साफ–सफाई भी की जाए। बाहर से छिपकर पैदल लौट रहे लोगों की भी उन्होंने चर्चा की और यह कहा कि छिपकर, पैदल या मालवाहक वाहनों से आने की कोई आवश्यकता नहीं। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सड़क, रेल ट्रैक या ट्रकों के जरिए लोगों की आवाजाही नहीं हो। ऐसे लोगों को स्थानीय थाने व प्रखंड की मदद से उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामान्य मरीजों के इलाज के लिए भी स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर की जाए। सभी निजी अस्पताल एवं निजी क्लीनिक व नर्सिंग होम का संचालन सुचारू रूप से हो। स्कूल–कॉलेजों के बंद होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित नहीं हो। शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे ऑनलाइन क्लासेज की सघ ान मॉनीटङ्क्षरग की जाए। इस संबंध में फीडबैक प्राप्त तर विद्यार्थियों के हित में निर्णय लें।

## सर्व समाज के तत्वाधान में नरहड़ में हुआ कोरोना योद्धाओं का हुआ सम्मान






रिंकू गिरी,
संवाददाता

सर्व समाज के तत्वाधान में पिलानी थाना पुलिस कर्मी , एक्स आर्मी के जवान एवं पूर्व एनसीसी कैडेट जो कि वर्तमान में कोविड–19 के तहत कोरोना योद्धा के रूप में दिन–रात समाज की सेवा कर रहे हैं, उनका ‘‘राजस्थान मोटर टेंपो चालक यूनियन’’ के संयोजक व एंटी कोरोना टास्क फोर्स के संरक्षक कृष्ण जांगिड़ नरहड़ , गौ रक्षक नत्थू बाबा, बुधराम कुमावत, गौरव रणवा,टेलीकॉम बिजनेस से जुड़े सुनील शर्मा, राजेंद्र शर्मा, सुशील, आनंद, दशरथ, कुलदीप, विकास, नरेंद्र , कमल , गौतम, पंडित प्रमोद शर्मा ,राकेश स्वामी,बबलू शर्मा, नरेंद्र ,रवि स्वामी, उमेद स्वामी, रितिक पांडेय, बबलू स्वामी ,जग्गू पीरजी, यासीन, अमर उद्दीन ,बबलू पांडेय ने सम्मान किए।

कार्यक्रम में चिड़ावा डीएसपी रघुवीर प्रसाद शर्मा, पिलानी सीआई मदनलाल कड़वासरा, एसआई अनिल कुमार एएसआई ताराचंद जांगिड़ , पूर्व युवा सैनिक हरिकेश स्वामी ,विक्रम रणवा , रामनिवास डूडी इसाक अली, एनसीसी कैडेट नवाब कपूर व पूरी पिलानी पुलिस थाना टीम का ग्राम वासियों ने फूल बरसा कर , साल उडा कर, साफा पहनाकर स्वागत किया व सम्मान किया।

डीएसपी रघुवीर प्रसाद शर्मा ने पूर्व में ब्राह्मण समाज के युवाओ द्वारा जरूरतमंद तक खाद्य सामग्री पहुंचाने जैसे कार्यों की प्रशंसा की।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की 20 लाख करोड़ रुपये के आर्थिक पैकेज से जुड़ी पांचवें और अंतिम चरण की घोषणाएं



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 20 लाख करोड़ रुपये के आर्थिक पैकेज से जुड़ी पांचवें और अंतिम चरण की घोषणाएं कर रही हैं। वित्त मंत्री बुधवार से लगातार संवाददाता सम्मेलन कर 20 लाख करोड़ रुपये के विशेष आर्थिक पैकेज से जुड़ी जानकारी किस्तों में साझा कर रही हैं। इस पैकेज की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 मई, 2020 को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में की थी। जानिए आज पांचवी और अंतिम किस्त की बड़ी घोषणा...

वित्त मंत्री ने कहा कि पीएम गरीब कल्याण योजना द्वारा तकनीक के इस्तेमाल से सीधे जरूरतमंद लोगों के खातों में मदद पहुंचाई गई। उन्होंने कहा कि सरकार ने 8.19 करोड़ किसानों के खातों में 2000 रुपए पहुंचाए गए। उन्होंने कहा कि 20 करोड़ जन धन खातों में सीधी मदद पहुंचाई गई।

पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत 20 करोड़ महिला जनधन खाताधारकों के अकाउंट में सीधी मदद भेजी गई। साथ ही निर्माण से जुड़े श्रमिकों के अकाउंट में भी सरकार ने पैसे डाले।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण किया गया।

वित्त मंत्री ने रविवार को अपने संबोधन की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंगलवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में कही गई बात से की।

सीतारमण ने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आर्थिक पैकेज में लैंड, लेबर, लिक्विडिटी, लॉ जैसी चीजों बल दिया गया है, जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा था।

वित्त मंत्री की अब तक की गई बड़ी घोषणाएं इस प्रकार हैं:

1. रक्षा उत्पादन में ऑटोमैटिक रूट से एफडीआई की सीमा में वृद्धि

वित्त मंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को 49 फीसद से बढ़ाकर 74 फीसद किया जाएगा। इसके अलावा देश को डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भर बनाने के लिए ‘मेक इन इंडिया’ पर जोर दिया जाएगा। सीतारमण ने ऑर्डिनेंस फैक्ट्री बोर्ड के निगमीकरण की भी घोषणा की। निगमीकरण के जरिए ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के कामकाज को बेहतर बनाया जाएगा।

2. कोयला क्षेत्र में देश को बनाया जाएगा आत्मनिर्भर

देश को कोयला उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। इसके लिए रेवेन्यू शेयरिंग के आधार पर खनन का कॉमर्शियल लाइसेंस दिया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि कोयला क्षेत्र से जुड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए लगभग 50,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

3. इसेंसियल कोमोडीटीज एक्ट में होगा संशोधन

वित्त मंत्री ने इससे पहले एलान किया था कि आवश्यक वस्तुओं से जुड़े कानून में संशोधन किया जाएगा। इससे किसानों को उनकी फसल का बेहतर दाम मिलेगा। संशोधनों के जरिए ब्मतमंसे, खाद्य तेल, तिलहन, दाल, प्याज और आलू जैसे कृषि उत्पादों के दाम को डिरेगुलेट करने की है तैयारी।

4. 8 करोड़ प्रवासी मजदूरों को दो माह तक निशुल्क अनाज

सरकार ने करीब 8 करोड़ प्रवासी मजदूरों को अगले दो माह तक निशुल्क अनाज देने की घोषणा गुरुवार को की। वित्त मंत्री ने एलान किया कि ऐसे आठ करोड़ प्रवासी श्रमिकों को 4 माह तक मुफ्त में अनाज दिया जाएगा, जिनके पास कोई राशन कार्ड नहीं है। सरकार इस स्कीम के तहत श्रमिकों को प्रति व्यक्ति पांच किलोग्राम अनाज और प्रति परिवार एक किलोग्राम चना प्रति माह के हिसाब से देगी।

5. 2.5 करोड़ किसानों को दी जाएगी केसीसी

वित्त मंत्री ने इससे पहले घोषणा की थी कि आने वाले दिनों में देश के 2.5 करोड़ किसानों को क्रेडिट कार्ड दिए जाएंगे। सरकार ने केसीसी के जरिए 2 लाख करोड़ रुपये का लोन वितरण करने की घोषणा की है। इससे पहले उन्होंने कहा था कि पिछले 2 माह में ही 25 लाख किसानों को केसीसी जारी कर दिए गए हैं।

NEWS TODAY Update newstodayupdate.in Web News Portal: www.newstodayupdate.in
न्यूज़ टुडे राष्ट्रीय हिन्दी मासिक पत्रिका
Yuvaraj Media & Entertainment An Ideal Film Production
बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की खबर के साथ अपनी खबर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

रजि० कार्यालय : अस्थाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830